वार्षिक परीक्षा- 2017-2018

कक्षा-9

समय: 3:15 घंटा   पूर्णांक: 100

विषयः हिंदी

नोटः- 1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

2. सभी प्रश्नों के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

खण्ड- अ (अंक 10)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

इस सृष्टि को ऊपर-ऊपर से देखने पर हमे इसमें अनेक भेद दिखाई देते हैं। मनुष्य रूप में, स्वभाव में एक दूसरे से भिन्न है। मनुष्य, कीट-पतंग, वृक्ष, वनस्पति ये सभी सजीव होने पर भी एक दूसरे से भिन्न हैं। सृष्टि में सारे पदार्थ एक दूसरे से भिन्न हैं; परन्तु ऊपर से दिखाई देने वाली विविध प्रकार की भिन्नता होने पर भी मूल में जीवन एक ही है इसलिए अखण्ड भी है। स्थान के कारण से, अवस्था के कारण से, समय के कारण से उसकी अखण्डता भंग नहीं होती, ये सारे भेद ऊपरी हैं और आभासी हैं। इस सत्य को शिक्षा के माध्यम से जानना आवश्यक है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (2)

(ख) इस सृष्टि की अखण्डता भंग क्यों नहीं होती हैं? (2)

(ग) शिक्षा के द्वारा क्या जानना आवश्यक है? (1)

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)

कौन तुम रूपसि कौन? वयोम से उतर रहीं चुपचाप,
छिपी निज छाया छवि में आप, सुनहला फैला केश कलापा।
मधुर, मंथर, मृदु मौन। मूंद अधरों में मधुपालाप।
पलक में निमिष, पदों में चाप, भाव संकुल बंकिम भ्रू चाप।
मौन केवल तुम मौन। ग्रीव तिर्यक, चम्पक द्युति गात।
नयन मुकुलित नतमुख जलजात, देह छवि छाया में दिन रात।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (2)

(ख) कवि ने संध्या की क्या-क्या विशेषता बतायी हैं (2)

(ग) रेखांकित शब्दों के अर्थ बताइये। (1)

खण्ड- ख (अंक 15)

3. किसी एक विषय पर 200 शब्दों में निबंध लिखो। (10)

(क) विज्ञान वरदान या अभिशाप

(ख) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

(ग) स्वच्छ भारत अभियान

(घ) जल संरक्षण

4. प्रधानाध्यापक रा.मा.वि. देराजसर (बीकानेर) द्वारा सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर को बोर्ड परीक्षा केन्द्र की स्वीकृति हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए। (5)

अथवा

स्वयं को बीकानेर निवासी अनुपम पारीक मानते हुए अपने अलवर निवासी मित्र भागीरथ चौधरी को, स्वस्थ स्वास्थ्य हेतु अपनाने वाली आदतों को जीवन में शामिल करने हेतु एक पत्र लिखें।

खण्ड- ग (अंक 15)

5. व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए। (1)

6. सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखो। (1)

7. सन्धि विच्छेद करो। सन्धि का नाम लिखो। (2)

(1) हिमालय (2) सूर्योदय (3) जगदीश (4) यशोदा

8. 'वि' और 'अति' उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाइये। (1½)

9. पर्यायवाची बताओ (दो-दो) (1)

(1) माता (2) दुश्मन

10. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइये- (1½)

(1) पन (2) आवट (3) अक

11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (2)

(1) गरिमा (2) उत्कृष्ट (3) रूप (4) जड़

12. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। (2)

(1) आर्शीवाद (2) इतिहासिक (3) पराचिन (4) श्रंगार

13. हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की संख्या कितनी मानी गयी है? (1)

14. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ भेद बताइये- (2)

(1) सीता-सिता (2) प्रसाद-प्रासाद

खण्ड- द (अंक 60)

15. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (6)

(क) लोककल्याण के लिए आत्मत्याग करने वालों में महर्षि दधीचि आदि पुरूष हैं। दधीचि की माता चिति तथा पिता अथर्वा थे। बाल्यकाल के संस्कारों से तप, त्याग और जीव मात्र के प्रति दयाभाव इनके जीवन का अवलम्ब बने। भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति और वैराग्य में इनकी जन्म से ही निष्ठा थी। महातपोबलि महर्षि दधीचि ने संसार के कल्याण के लिए अपनी देह छोड़कर अस्थियों का दान कर दिया। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन धर्म रक्षा में ही लगाया।

अथवा

बस कच्चे पथरीले रास्ते पर हिचकोले खाती बढ़ रही थी। एक घंटे बाद अभी झपकी लगी ही थी कि अबुधाबी से आये राय साहब चीखे अरे बाँयी ओर देखो बाँयी ओर फैंटास्टिक। सबने तुरन्त बाँयी ओर सिर घुमाया तो अवाक रह गए। वह स्वप्न था या सत्य? हल्के-हल्क उजाले में आकाश के अनंत विस्तार के एक छोर पर दिव्य मणि-सा चमकता यह अपार गरिमामय पर्वत-शुभ, उज्ज्वल, मनमोहक! गाइड बोला यह गुरला मान्धाता पर्वत है।

16. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करो- (6)

चाह नहीं, मैं सुरबाला के

गहनों में गूंथा जाऊँ
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर
हे हरि! डाला, जाऊँ
चाह नहीं देवों के सिर पर
चढ़ू भाग्य पर इठलाऊ।

अथवा

कौन बड़ाई जलधि मिलि, गंग नाम भो धीम।
केहि की प्रभुता नहि घटी पर, घर गए रहीम
जे गरीब पर हित करे, ते रहीम बड़ लोग।

लघुत्तरात्मक प्रश्न (अंक 18)

(कोई पाँच प्रश्न करने हैं)

19. बनवीर कौन था? परिचय दीजिए। (3)

20. वीर नारी को कौनसी दो बातें असहनीय है? (3)

21. डॉ. कलाम के विज्ञान के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डालिए। (3)

22. पेड़ व तालाब के माध्यम से कवि क्या सीख दे रहा है? (3)

23. राक्षस ताल को रावण हद क्यों कहते हैं? (3)

24. पर्वत मणि-माणक क्यों नहीं प्रगटाना चाहता है? (3)

अतिलघुउत्तात्मक प्रश्न (अंक 20)

25. कृष्ण की बाल क्रीड़ा को देखकर यशोदा क्या करती है? (2)

26. संसार को तपोवन क्यों कहा गया है? (2)

27. मीरा ने अमोलक वस्तु किसे कहा है? (2)

28. कल्पवास किसे कहते हैं? (2)

29. फाइल में से जो आवाज आई वह किसकी थी? (2)

30. निम्नलिखित में से किन्हीं एक कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए। (5)

(1) जयशंकर प्रसाद (2) तुलसीदास

31. सड़क दुर्घटना से बचने के उपाय बताइए। (5)

*** **** ***